卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 26 | अंक 1 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) | मंगलवार | 7 अक्टूबर 2025 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सीजेआई पर जूता फैंकने वाले वकील ने कहा- जेल जाने को तैयार हूं लेकिन माफी नहीं मांगूंगा

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर सोमवार को जूता फेंकने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर ने कहा है कि उन्हें अपने इस कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है। एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वे खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की संरचना की बहाली की याचिका को खारिज किए जाने के बाद सीजेआई की टिप्पणी से आहत हुए थे। राकेश किशोर के अनुसार 16 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई उस जनहित याचिका पर जब जस्टिस गवई ने कहा था,' जाओ मूर्ति से प्रार्थना करो कि उसका सिर वापस आ जाए,' तो




उन्होंने इसे धर्म से खिलवाड़ और अनादर माना। वे यह भी कहते हैं कि जब सनातन धर्म से जुड़े मामलों की बात होती है तो चाहे वह जल्लीकुट्टू हो या दही हांडी, तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश उन्हें व्यक्तिगत रूप से आहत करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ राहत नहीं चाहिए थी, बल्कि अपमानात्मक टिप्पणी भी बर्दाश्त नहीं होगी। किशोर ने यह स्पष्ट किया कि उनका यह कदम हिंसात्मक नहीं था और वे नशे में भी नहीं थे। उन्होंने कहा,' मैंने कुछ नहीं किया, भगवान ने मुझसे करवाया।' उन्होंने यह भी तर्क दिया कि कानून के शीर्ष न्यायाधीश को अपनी संवैधानिक गरिमा बनाए रखनी चाहिए, और यदि वे किसी न्यायसंगत आग्रह को स्वीकार नहीं करना चाहें, तो कम से कम मजाक उड़ाना बंद करें। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने यह भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री धामी ने महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी



श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, शिक्षाओं और उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें मानवता का मार्गदर्शक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति में सत्य, प्रेम और कर्तव्य के प्रतीक भी हैं। उनके द्वारा रचित रामायण हमें सदाचरण, धर्म और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी फोटो वीडियो से महिला को किया जा रहा ब्लैकमेल

### बदनामी के दर से परिवार सदमे में, संरक्षण व कार्यवाही की गुहार

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने पति व सगे रिश्तेदार पर एआई से जेनरेट की गई नग्न तस्वीरें व वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए काशीपुर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। मामला बीते 14 जून से लेकर 20 जुलाई तक की घटनाओं से जुड़ा बताया जा रहा है।पीड़ित महिला निवासी कृपाल आश्रम के पास, वार्ड नं. 6, कवि नगर, काशीपुर) ने शिकायत में बताया है कि उसके पति नितिन (पुत्र स्व. धीरेन्द्र शर्मा, निवासीख्र किरतपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.) ने मोबाइल नंबर 7505926822 से बीते 14 जून को व्हाट्सएप पर अपमानजनक संदेश भेजे और बाद में उसकी एआई से जेनरेट की गई नग्न तस्वीरें भेजकर उसे धमकाना शुरू कर दिया। शिकायत में आगे कहा गया है कि 18 जुलाई को काशीपुर कोर्ट परिसर के पास नितिन एक वाहन (सं. यूपी 20 सीके 5146) से उस के पास आया और तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिल कर ने कहा कि मेरी बात नहीं मानी तो तेरे नग्न फोटो वायरल कर देंगे।" उसी रात नितिन ने एक और आपत्तिजनक संदेश भेजा। शिकायत में यह भी बताया गया है कि 20 जुलाई को गौरव धीमान के नंबर 9654719576 से भी व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर आपत्तिजनक बातें कही गयीपीड़ित ने अपनी तहरीर में लिखा है कि दोनों (नितिन व गौरव) और अन्य लोग लगातार उसे मैसेज कर के, एआई से नग्न वीडियो बनाकर और यौन संबंध बनाने के लिए दबाव बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। वह स्वयं साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि की हैं और उनके पिता भी गरीब हैं। शिकायत में कहा गया है कि अगर ये लोग उन्हें बदनाम कर देते हैं तो उनके पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। शिकायत के साथ कथित स्क्रीनशॉट की प्रतियाँ भी कोतवाली में जमा (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाथरूम में घुसा तेंदुआ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

अल्मोड़ा। जिले में गुलदारों की बढ़ती सक्रियता अब सीधे रिहायशी इलाकों तक पहुंच चुकी है। मंगलवार तड़के एक सनसनीखेज घटनाक्रम में शहर के पॉश इलाके पूर्वी पोखरखाली में एक मकान के बाथरूम में गुलदार घुस आया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किरायेदार की सतर्कता से बड़ी अनहोनी टल गई और वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। पूर्वी पोखरखाली निवासी पंकज तिवारी के मकान में रह रहे किरायेदार सुरेश कुमार ने बताया कि देर रात करीब 1.30 बजे



कुत्तों के भौंकने की आवाज से उनकी नींद टूटी। उन्होंने बाहर आकर देखा लेकिन कुछ नजर नहीं आया, और वे दोबारा सो गए। कुछ समय बाद फिर कुत्ते भौंकने लगे, तो उन्होंने पुन: बाहर निकलकर जांच की। इस बार उन्हें आशंका हुई कि आस पास गुलदार हो सकता है। जब उन्होंने पीछे बाथरूम की ओर देखा तो वहां का दरवाजा खुला मिला। अंदर झांकने पर उन्होंने देखा कि बाथरूम के स्लैब पर गुलदार बैठा हुआ है और उसकी पूंछ लटक रही है। उसी समय एक खून से लथपथ कुत्ता भी बाथरूम से बाहर भागा। सुरेश कुमार ने तत्काल (शेष पृष्ठ सात पर)

## जल सत्याग्रह के लिए रामगंगा में उतरा आंदोलनकारी

### पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूले,काफी समझाने के बाद माना आंदोलनकारी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। चौखुटिया में स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग करते लोगों का सब्र अब टूट चुका है। वहीं आज एक आंदोलनकारी पूर्व सेनिक हीरा सिंह पटवाल राम गंगा नदी में जल सत्याग्रह शुरू करने उतरी गया। वहीं लोगों का आक्रोश है कि चौखुटिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो सिर्फ एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है।



एक ऐसा अस्पताल, जहां न डॉक्टर हैं, न जांच की मशीनें और न ही इलाज के पर्याप्त संसाधन। सरकार के खोखले वादों से तंग आकर अब जनता ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इस आंदोलन की सबसे मार्मिक नजारा तब देखने को मिला जब आंदोलनकारी पूर्व सैनिक हीरा सिंह पटवाल रामगंगा नदी के ठंडे पानी में उतर कर जल सत्याग्रह शुरू कर दिया है। बारिश और बढ़ती ठंड के बावजूद वो अपनी जान की परवाह किए बिना डटे रहे।वही पुलिस व प्रशासन के हाथों में फूल गए।पुलिस प्रशासन के काफी समझने के बाद आंदोलनकारीरामगंगा नदी से बाहर आया।

## एसएसपी ने सुनी पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस लाइन में पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं और सुझावों के लिए गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में एसएसपी मणिकांत मिश्रा पुलिस पेंशनर्स से रुबरु होते हुए समस्याओं को सुना। गोष्ठी में जनपद के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। एसएसपी ने कहा कि पुलिस और पुलिस पेंशनर्स एक ही परिवार के सदस्य हैं। उनके सुख-दुख में शामिल होना और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। गोष्ठी का मुख्य



उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को एक मंच पर लाना, सभी को एक परिवार के रूप में जोड़ना तथा हर परिस्थिति में सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा।इसके साथ ही, एसएसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को नशा उन्मूलन जैसे सामाजिक सुधार अभियानों में सक्रिय सहयोग के लिए प्रेरित किया। पुलिस पेंशनर्स द्वारा विभिन्न व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं विभागीय समस्याओं को रखा गया। जिन्हें एसएसपी ने गंभीरता से सुना और तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप(शेष पृष्ठ 7 पर)

## बारिश से रूद्रपुर हुआ पानी पानी, जलभराव से कई व्यापारियों को नुकसान

व्यापारियों को उठाना पड़ा नुकसान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आज प्रात: मौहल्ले जलभराव से तरबतर हो गये। जिससे जहां बाजार क्षेत्र में त्यौहारों के मोके मिलने पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल जलभराव क्षेत्रों में पहुंचे और उन्होंने निगम आवास विकास, गल्ला मंडी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, किच्छा बाईपास बाजार व हाई वे पर दुकानें लगाये व्यापारियों को बरसात से भारी नुकसान व्यापारियों ने जहां अपनी दुकानें सामान उसे पूरी तरह से भर ली है तो वहीं सड़क







करीब डेढ़ घंटे की बरसात में ही जिला मुख्यालय जलभराव की समस्या से जूझने लगा। नगर के तमाम बाजार ,गली पर व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा तो वहीं लोगों को भी आवागमन में परेशानियों से जूझना पड़ा। जानकारी कर्मियों से पानी निकासी का कार्य शुरू करवाया। आज प्रात: नगर में करीब डेढ़ घंटा बरसात होने से मुख्य बाजार सहित रोड़, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, काशीपुर बाईपास रोड़, गाबा चौक समेत तमाम जगहों पर भारी जलभराव हो गया। मुख्य हुआ है। इसका प्रमुख कारण करवा चौथ व्रत, दीपावली सहित कई त्यौहार बिलकुल नजदीक आ चुके हैं और सभी किनारे ठेली लगाकर त्यौहारी सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों की दुकानें भी पूरी तरह से सज (शेष पृष्ठ सात पर)

# एफडीए ने 63 औषधियों के सैंपल जांच के लिए भेजे

देहरादून (उद संवाददाता)।प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देश पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए. ) उत्तराखंड द्वारा पूरे राज्य में प्रतिबंधित और संदिग्ध कफ सिरप की बिक्री एवं वितरण के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार के आदेशों के क्रम में प्रदेशभर में लगातार छापेमारी की जा रही है। टीमों द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों से सैंपल एकत्र कर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं को भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एफ.डी.ए. मुख्यालय, देहरादून में अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर (एफ.डी.ए.) एवं ड्रग कंट्रोलर ताजवर सिंह जग्गी ने पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। पत्रकारवार्ता में उन्होंने प्रदेशभर में संदिग्ध औषधियों की जांच, सैंपलिंग और बाजार नियंत्रण की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से बच्चों के बीमार होने और मृत्यु की घटनाओं के बाद उत्तराखंड सरकार ने यह कदम एहतियातन और जनहित में उठाया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेश के हर जिले में चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी स्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में औषधि नियंत्रण अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे सीएफटीओ, मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों से कफ सिरप के नमूने एकत्र करें और परीक्षण हेतु अधिकृत प्रयोगशालाओं को भेजें। उन्होंने कहा कि निर्माण कंपनियों से भी कच्चे माल जैसे पॉलीइथिलीन ग्लाइकॉल, सॉर्बिटॉल और अन्य रासायनिक तत्वों के सैंपल लेकर गुणवत्ता जांच की जा रही है, ताकि उत्पादन स्तर पर भी किसी प्रकार की कमी या गड़बड़ी की संभावना समाप्त की जा सके। अब तक प्रदेशभर में 63 औषधियों के नमूने एकत्र किए जा चुके हैं, जिनकी जांच प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजवीर सिंह जग्गी ने आम जनता से अपील की कि वे बिना चिकित्सक की सलाह के बच्चों को कोई भी कफ सिरप



या औषधि न दें। उन्होंने कहा बच्चों के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का जोखिम न लिया जाए। यदि बच्चे में सर्दी, खांसी या बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें, तो केवल योग्य चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवा दें। उन्होंने कहा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य जोखिम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमें इस अभियान की सतत निगरानी कर रही हैं और प्रत्येक जिले में औषधि दुकानों व थोक विक्रेताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपर आयुक्त ने यह भी बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारत सरकार की एडवाइजरी को तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाए। साथ ही औषधि दुकानों और निर्माण इकाइयों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। अपर आयुक्त एवं ड्रग कंट्रोलर ताजवीर सिंह जग्गी ने आम जनता से अपील की है कि अपने घरों में पहले से खुली हुई कफ सिरप या किसी भी प्रकार की दवाई बच्चों को बिल्कुल न दें। उन्होंने कहा कि कई बार पुरानी या खुली दवाइयाँ अपनी प्रभावशीलता खो देती हैं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं। इसलिए ऐसी किसी भी खुली बोतल या अधूरी दवाई को सुरक्षित तरीके से नष्ट करें और घर में दवाइयाँ खुले रूप में न रखें। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया कि दवाइयाँ केवल चिकित्सक की सलाह पर ही उपयोग करें और हर दवा की एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें, ताकि किसी प्रकार की अनचाही स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके। अपर आयुक्त ने कहा मुख्यमंत्री जी, स्वास्थ्य मंत्री जी व आयुक्त महोदय अभियान की लगातार अपडेट ले रहे हैं। उनके सख्त निर्देश हैं कि हर घर की थाली शुद्ध रहे और हर बच्चे का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा राज्य सरकार बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। औषधि और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियों की कड़ी निगरानी की जा रही है। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण औषधियां ही आमजन तक पहुंचें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजवर सिंह जग्गी ने बताया कि राज्य में दवाइयों के साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान भी तेजी से चलाया जा रहा है। दीपावली पर्व को देखते हुए विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत राज्य की सीमाओं पर निगरानी बढ़ाई गई है, और मिठाइयों व खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा त्योहारों के समय मिलावटखोरी पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकता है। विभाग की टीमें फील्ड में सक्रिय हैं और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रेस वार्ता के अंत में अपर आयुक्त ने कहा कि एफ.डी.ए. की यह कार्रवाई सरकार की जनहित प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान प्रदेशव्यापी है और निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता के साथ ही मीडिया के साथियों से भी सहयोग की अपील की। ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।

## राज्यपाल ने अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक को मंजूरी दी

देहरादून। उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड खत्म होने जा रहा है उसके स्थान पर मदरसा संचालकों को उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता लेनी होगी और उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से संबद्धता लेनी होगी। इस आशय के बिल पर उत्तराखंड के राज्यपाल पूर्व लेफ्ट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने हस्ताक्षर करते हुए मंजूरी प्रदान कर दी। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल ने बिल पर हस्ताक्षर करने से पहले राज्य के अल्पसंख्यक प्रतिनिधि मंडलों के साथ व्यापक चर्चा की थी जिनमें सिख,मुस्लिम, जैन, ईसाई, बौद्ध आदि धर्मों के लोग शामिल थे। स्मरण हो कि गैरसैंण में आयोजित मानसून सत्र के दौरान अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक-2025 को पारित किया गया था और उसके बाद इसे मंजूरी के लिए राजभवन भेजा गया था मंजूरी मिलने के बाद इस विधेयक के कानून बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस विधेयक के अंतर्गत उत्तराखंड में अल्पसंख्यक समुदायों की शिक्षा के लिए एक प्राधिकरण (।नजीवतपजल) का गठन किया जाएगा, जो अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने का कार्य करेगा। साथ ही, विधेयक में यह प्रावधान भी किया गया है कि मदरसे जैसे अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान अब उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करनी होगी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में सभी अल्पसंख्यक बच्चे एक समान शिक्षा 2026 के जुलाई सत्र से पढ़ेंगे, मदरसा बोर्ड खत्म हो जाएगा और उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे मुस्लिम सिख ईसाई बौद्ध जैन शिक्षण संस्थाएं आएंगी। देवभूमि में तुष्टिकरण की शैक्षिक नीति का अंत होने जा रहा है। सभी बच्चे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और नई शिक्षा नीति से जुड़ेंगे।

## अग्रवाल महिला समिति का करवा चौथ उत्सव कल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा करवा चौथ उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल व महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि इस वर्ष सुहाग का प्रतीक करवा चौथ उत्सव सोनिया होटल में कल 8 अक्टूबर को सायं 4 बजे से प्रारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती बतासो देवी व श्रीमती राजकुमारी तुलस्यान, अतिविशिष्ट अतिथि मीरा बंसल के साथ ही डा. सारिका गर्ग, डा. मंजुला सिंगला व डा. रूबी गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग व कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया ने बताया कि इस वर्ष कृष्ण वन्दना, गरबा डांडिया नृत्य, हल्दी, मेंहदी व शादी के गानों पर नृत्य, 50 एवं 60 वर्ष से अधिक आयु की बहनों द्वारा किया जाने वाला नृत्य करवा चौथ उत्सव का विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। जिसके लिए सभी प्रतिभागियों द्वारा काफी मेहनत की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अग्र समाज की ऐसी नव वधुओं का सम्मान किया जायेगा जिनका पहला करवा चौथ है। इसके अलावा आयोजन स्थल पर कई स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। जिनमें दीपावली उपहार की वस्तुएं, ठाकुर जी की पोषाक एवं श्रृंगार, कुर्तियां, आर्टिफीशियल ज्वैलरी, बेड शीट, बच्चों के रेडिमेड कपड़े, खिलौने के साथ साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के भी स्टॉल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण का केन्द्र लक्की ड्रा भी होगा जिसमें विजेताओं को कई आकर्षक पुरस्कार उपहार स्वरूप दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त नृत्य में भाग लेने वाली प्रत्येक बहन को पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा संगठन द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दंपत्ति ने गटका विषाक्त, महिला की मौत

लालकुआं (उद संवाददाता)। निकटवर्ती हल्दूचौड़ क्षेत्र के दौलिया प्रगति विहार कालोनी में अज्ञात कारणों के चलते दंपत्ति ने सोमवार की सायं घर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। उसकी हालत भी काफी गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दौलिया प्रगति विहार निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश भट्ट और उनकी पत्नी उमा ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का



सेवन कर लिया। दोनों को हल्द्वानी के डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उनकी पत्नी की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि प्रकाश भट्ट जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। सोमवार देर शाम दौलिया के प्रगति विहार निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य 50 वर्षीय प्रकाश भट्ट और उनकी पत्नी 45 वर्षीय उमा भट्ट ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों की हालत बिगडती देख परिजनों व आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उमा ने दम तोड़ दिया। प्रकाश का उपचार चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि प्रकाश भट्ट पूर्व में क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुके हैं और उनका आईओसी डिपो के सामने रेस्टोरेंट भी है। मिलनसार प्रकाश क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं, उनकी पत्नी की मौत से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की के लहर है। उनके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उमा भट्ट की मृत्यु पर अनेक जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त करते हुए प्रकाश भट्ट के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## बारिश ने बढ़ाई काश्तकारों की परेशानियां, ठंड में भी इजाफा

अल्मोड़ा। जिले में मौसम का मिजाज इस बार लगातार बदल रहा है। अक्तूबर में हो रही बारिश से काश्तकारों की परेशानी बढ़ गई है। किसान धान की मढ़ाई, कटाई नहीं कर पा रहे हैं। बीते सोमवार से रुक रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। वही मंगलवार को सुबह दस बजे से फिर से बूंदा बादी का सिलसिला शुरू हो गया था। इधर, बेमौसम बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में जानवरों के लिए काटी गई घास भीग गई है। कई जगह हवा चलने से धान की फसल भी खराब हो गई है। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार जिले मैं कुछ दिन मौसम का मिजाज इसी तरह का बना रहेगा। अल्मोड़ा में कई दिनों बाद नगर में बारिश हुई। इससे लोगों को हल्की ठंड का एहसास शुरू होते ही गर्म ऊनी कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया है।

## बहदाल स्वास्थ्य सेवाओं पर जताया आक्रोश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने नगर समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। वहीं, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर नाराजगी जताई। नगर के कचहरी बाजार स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। लोगों को उपचार को हल्द्वानी व अन्य जगहो की दौड़ लगानी पड़ी रही है। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने अल्मोड़ा से हल्द्वानी को हेली सेवा शुरू होने पर शासन प्रशासन का आभार जताया। वहीं, बैठक में अन्य पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस से संबंधित समस्याओं का उठाया। जिस पर जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। यहां बैठक में दिनेश चंद्र तिवारी, मनमोहन वर्मा, पूरन सिंह ऐरी, पूरन चंद्र लोहनी, आनंद सिंह बोरा, आरएस साही, एमएस अल्मियां, बीबी भट्ट, चंद्र सिंह बिष्ट, आशीष वर्मा, आनंद सिंह लटवाल, एनसी जोशी, एसके जोशी, रघुवीर सिंह नैनवाल आदि थे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर्यनगर में स्कूली बच्चों को बांटी ड्रेस

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर्यनगर में ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे स्कूल में पड़ने वाले बच्चों को ड्रेस का वितरण किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता



प्रधानाचार्य श्रीमती सरोज द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रवि कुमार उपस्थित रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रवि कुमार ने बच्चों को मेहनत और अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और मेहनत भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बच्चों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। वार्ड 03 के सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद कर सकती है। कार्यक्रम में भोजनमाता लक्ष्मी देवी, रेहाना, गायत्री, जसवन्त एवं समस्त अभिभावकों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के महत्व और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और इस दिशा में विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में किया जागरूक

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के रावे प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने रुद्रपुर जनपद के दुर्गापुर 2 ग्रामीण क्षेत्र के एस.डी.एस. एन. इण्टर कॉलेज में पोक्सो एक्ट के बारे में 8वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक कर बालक और बालिकाओं के साथ होने वाले यौन शोषण के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के दौरान रावे प्रोग्राम के छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत पोक्सो से संबंधित एक भव्य नाटक और एक गीत गाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालक और बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, गुड-टच बेड-टच और बाल सहायता संपर्क नंबर, महिला नंबर, पुलिस संपर्क नंबर



आदि की महत्वता से जागरूक कर इनके इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल और सहायक प्राध्यापिका डा. पूजा टम्टा के निर्देशन में किया गया। अभियान की सफलता ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समुदाय में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। यह पहल भारत सरकार के पोक्सो एक्ट अभियान के लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश को अपराध और यौन शोषण से मुक्त बनाना है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर एडीएम ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जिला सभागार में बैठक ली। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शतप्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा दवाई खाने से न छूटे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों, तकनीकि शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाये। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 15 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस पर दवाई खिलाई जाये। अपर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विद्यालयों, मदरसों के शिक्षकों, आंगनबाड़ी केन्द्रों



के कार्यकत्रियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी पम्पलेट/वीडियो क्लीप के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि 08 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिये।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 604459 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 2288 विद्यालयों एवं 2388 आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलबेन्डाजोल की दवाई खिलायी जायेगी। डॉ0 अग्रवाल ने बताया कि एलबेन्डाजोल की 400 एमजी की दवा 01 से 02 साल तक के बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोलकर तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों, किशोर/किशोरियों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को आँत के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है, कृमि मनुष्य की आन्त में रहकर, मानव शरीर ऊतकों से जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होने लगती है तथा बच्चों की कार्य क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अक्सर बीमार रहने लगते हैं।बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आरके सिन्हा, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल अग्रवाल, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नंदनी तोमर, प्राइवेट स्कूल एसो0 के पदाधिकारी एनएस धारीवाल, रामप्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश चौहान, डीपीओ मो0 आमिर खॉ, हिमांशु मशूनी, चॉद मियां, जावेद अहमद, निधि शर्मा, विजय सिंह, सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुडे थे।

# महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

रुद्रपुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर निगम परिसर स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण जैसे महान ग्रंथ के रचयिता हैं, बल्कि वे एक ऐसे युगद्रष्टा थे, जिन्होंने समाज को धर्म, करुणा, समरसता और समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी का जीवन यह सिद्ध करता है कि आत्मबोध, परिश्रम और तपस्या से कोई भी व्यक्ति उच्चतम आदर्शों को प्राप्त कर सकता है। श्री ठुकराल ने उपस्थित लोगों से आह्वान



किया कि वे महर्षि वाल्मीकि के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करें और समाज में प्रेम, सहयोग और सद्भाव का वातावरण बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन तभी आएगा जब हम अपने व्यवहार में उनके आदर्शों को उतारेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया और सामाजिक समरसता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, अंकित, लक्ष्मण, सुनील, आसाराम, राजपाल चौधरी, मनोज, बिट्टू वाल्मीकि, अनुज, रोहित, बंटी, राजू, आनंद शर्मा, ललित बिष्ट, राजू गुप्ता, रमन विश्वास, विकास बंसल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धान क्रय में देरी और बारिश से नुकसान पर जताई नाराजगी

किच्छा। भारी बारिश के चलते किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संकट के बीच उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी गणेश उपाध्याय ने किसानों की समस्याओं को लेकर खाद्य, रसद, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव एन.एन. फैनई से टेलीफोन पर वार्ता की और तत्काल समाधान की मांग उठाई। गणेश उपाध्याय ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि जिले के सभी धान क्रय केंद्रों और पोर्टल को एक अक्टूबर से क्रियाशील हो जाना चाहिए था, लेकिन जिला प्रशासन और सरकार की लापरवाही के कारण एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अधिकांश केंद्र बंद रहे। अब कुछ केंद्रों को खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई है, मगर इस बीच हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की तैयार फसल को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपनी धान सुखाकर मंडी और अन्य केंद्रों में पहुंचाई थी, वह सब भीग



चुकी है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल सभी केंद्रों पर फसल सुखाने के लिए ड्रायर की व्यवस्था करे, जिससे भीगी फसल को बचाया जा सके और तुरंत तोल प्रक्रिया शुरू की जाए। उपाध्याय ने यह भी कहा कि पहले से ही किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है, ऊपर से अब कुदरत की मार ने स्थिति और विकट कर दी है। महंगाई के इस दौर में किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे में सरकार को पंजाब सरकार की तर्ज पर प्रति एकड़ कम से कम ₹25,000 की राहत राशि किसानों को देनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब किसान की फसल ही न बचे तो वह अपने बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह या घर का खर्च कैसे चलाएगा। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने शीघ्र किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया, तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस टेलीफोनिक वार्ता के दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम गौरव पांडे, मंडी समिति के मोहन जोशी, नोडल अधिकारी सहकारिता विभाग नवल शर्मा भी मौजूद रहे। इसके अलावा फुरकान मलिक, सुल्तान मलिक, माजिद हुसैन, यासीन अंसारी, मेजर सिंह, पम्मी, सुखदेव, मिथुन, अशोक खंडवानी, साबू सिंह, मनजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने किच्छा चीनी मिल वार्ड नं०3 किशनपुर में बाल्मीकि समाज के साथ भगवान महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रकटोत्सव जयंती पर्व को धूमधाम से मनाया। इस दौरान बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग सदस्य श्रीराम चन्द्र को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए संजीव कुमार सिंह ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि को संस्कृत साहित्य के आदि कवि और महान ऋषि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने संस्कृत में पहले महाकाव्य रामायण की रचना की थी।



महर्षि बाल्मीकि भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आधार स्तंभ में से एक माने जाते हैं। महर्षि बाल्मीकि जी का जीवन मानवता और भगवान श्री राम के समान मानव जीवन के आदर्श और मूल्य से परिचित कराता है। जो आज भी हम सभी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान राकेश बाल्मीकि, महेंद्र बाल्मीकि, अजय बाल्मीकि, मोहित बाल्मीकि, तरुण बाल्मीकि, महेश बाल्मीकि सहित ब्रह्मानंद पुरोहित, कमलेश दुबे, मनोज गुप्ता, विशाल चौहान, नवीन सिंह, धनंजय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# अल्मोड़ा में छात्र महासंघ चुनाव नौ अक्टूबर को होगा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के छात्र महासंघ चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार छात्र महासंघ आठ अक्टूबर को नामांकन, नाम वापसी और जांच होगी। जबकि नौ अक्टूबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जबकि उसी दिन देर शाम परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। एसएसजे विवि की ओर से छात्र महासंघ चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। एसएसजे के चुनाव अधिकारी प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम जारी हो गया है। कार्यक्रम के तहत आगामी आठ अक्टूबर को 11 बजे से डेढ़ बजे तक नामांकन की प्रक्रिया कराई जाएगी। वहीं, उसी दिन ढ़ाई बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नौ अक्टूबर को 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक विवि के अधीन परिसरों और महाविद्यालय से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके बाद मतगणना के साथ ही देर शाम तक विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

# 102 पाउच कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने की तैयारी कर रहे एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर से 102 पाउच (लगभग 35 लीटर) कच्ची शराब बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी अपनी टीम के साथ गश्त व चेकिंग पर थे। इसी दौरान चौकी रम्पुरा क्षेत्रांतर्गत काली मंदिर के पास मुखबिर से सूचना मिली कि पास ही रहने वाला दिनेश पुत्र अंगन लाल ने अपने घर में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब छिपा रखी है और बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को घर के बाहर से हिरासत में लिया। पूछताछ में शुरू में आरोपी ने टालमटोल की, लेकिन सख्ती बरतने पर उसने कबूल किया कि उसने किचन के ऊपर स्लैब में एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में शराब छिपाई है। तलाशी लेने पर कट्टे से 102 पाउच बरामद हुए। इनमें से एक पाउच को खोलकर जांच की गई, जिसमें से कच्ची शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसे अनुभवी पुलिस टीम ने शराब के रूप में पहचान लिया। जब आरोपी से उक्त शराब का लाइसेंस मांगा गया, तो वह पेश करने में असमर्थ रहा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने यह शराब एक व्यक्ति बंटी सिंह से मंगवाई थी। दिनेश को मौके पर ही आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# कनिष्का ठाकुर ने नीट परीक्षा में हासिल की बड़ी सफलता

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड संख्या 4 निवासी नरेंद्र ठाकुर एवं मालती ठाकुर की सुपुत्री कनिष्का ठाकुर ने नीट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गदरपुर का नाम गौरवान्वित किया है। अपनी



मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर कनिष्का ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे शहर का मान बढ़ाया है। कनिष्का ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। फिलहाल कनिष्का ने हरिद्वार स्थित आयुर्वेद गुरुकुल में बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी में प्रवेश प्राप्त कर लिया है और अब वह आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। गदरपुरवासियों ने कनिष्का ठाकुर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कनिष्का की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

# हरि मंदिर में पश्चिम बंगाल के लोक कला बाउल गान का आयोजन

## समाज सेवी हरिदास मंडल के सौजन्य से हुआ दृष्टिहीन बाउल गान का आयोजन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। शारदीय दुर्गा पूजा के दौरान पश्चिम बंगाल से पहुंचे दृष्टिहीन बंगाल के लोक



कला बाउल गान की टीम दिनेशपुर शक्तिगढ रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप आदि अन्य क्षेत्रों में वाहवाही लूटने पर दिनेशपुर क्षेत्र की डिमांड पर क्षेत्र के समाजसेवी हरिदास मंडल के सौजन्य से दिनेशपुर हरि मंदिर में एक दिवसीय बाउल गान का आयोजन किया गया। सोमवार देर रात्रि हरि मंदिर परिसर में मंदिर के महंत विवेकानंद महाराज के गरिमामई उपस्थिति में समाज सेवी हरिदास मंडल के सौजन्य से बांग्ला लोक कला दृष्टिहीन टीम ने बाउल गान से मंदिर परिसर में बैठे लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। हरिदास मंडल ने बाउल गान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बांगला बाउल संगीत बंगाल क्षेत्र की एक रहस्यवादी लोक-गीत परंपरा है, जो हिंदू वैष्णववाद और मुस्लिम सूफीवाद का मिश्रण है। बाउल गायक समाज के विभिन्न वर्गों से आते हैं और एकतारा जैसे संगीत वाद्ययंत्रों के साथ अपने गानों के माध्यम से आंतरिक प्रेम और दिव्यता की खोज करते हैं. इस परंपरा को इसकी विशिष्टता के कारण यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी गई है। कहा कि बाउल गान की उत्पत्ति और प्रभाव-बाउल परंपरा की जड़ें संभवतः अविभाजित बंगाल में नवमीं या दसवीं शताब्दी के तांत्रिक बौद्ध धर्म में हैं। इसमें हिंदू वैष्णव (भक्ति) और सूफी इस्लाम दोनों के रहस्यवादी तत्वों का मिश्रण है। यह गीत परंपरा आधुनिक बंगाली समाज पर गहरा प्रभाव रखती है। विषयवस्तु और दर्शन बाउल गीत आंतरिक चेतना, मानवीय प्रेम और ईश्वर की खोज पर केंद्रित होते हैं। वे अक्सर शरीर में दिव्यता की तलाश करने की अवधारणा पर जोर देते हैं। बाउल संप्रदाय धार्मिक और जाति-आधारित मतभेदों को अस्वीकार करते हैं, और सभी के लिए समानता का संदेश देते हैं। इस मौके पर विवेकानंद महाराज, हरिदास मंडल, आशुतोष राय, नारायण हालदार, प्रभात विश्वास नीरज सिंह कोरंगा गुरु चांद ढाली असीम मंडल पलाश घरामी, रोहित मंडल, गौतम सरकार, गोविंद मंडल, सुकुमार सरकार, मृत्युंजय सरकार अमल राय, संजीव हलदर, प्रसनजीत शाह, परीक्षित कुमार,विशु राय, विक्की राय, तपन सरकार, अनुकूल कुमार, दीपांकर राय, डॉ दीपांकर मंडल आदि मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर विधायक बिष्ट ने किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ.मोहन सिंह बिष्ट द्वारा पर्यावरण विद डा. आशुतोष पंत व अन्य ग्रामीणों के साथ हल्दूचौड़ के रामलीला मैदान में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम के तहत लोगों को पौधे भेंट किए गए। लालकुआं क्षेत्र के विधायक डॉ मोहन सिंह



बिष्ट के जन्मदिन पर डा. आशुतोष पंत द्वारा उन्हें ऑल स्पाइस का पौधा भेंट कर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के साथ दीर्घायु रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थेउप उन्हें भी फलों के पौधे भेंट किए। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता और समाजसेवी दिनेश खुल्बे, उज्ज्वल खुलवे सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

# 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को साकार कर रहे हैं आजीविका मेले

## सी.एल.एफ. के लिए 1.20 करोड़ की 12 आर्थिक गतिविधियों का सीएम धामी ने किया लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में आयोजित ''सरस आजीविका मेले'' में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.एल.एफ. हेतु 1.20 करोड़ रुपये की 12 आर्थिक गतिविधियों का लोकार्पण किया, इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 10 अन्य सी.एल.एफ. के लिए 1 करोड़ रुपये की प्रस्तावित आर्थिक गतिविधियों का शिलान्यास भी किया । उन्होंने आज Rising Tehri – Physics Wala Online Coaching Class का भी लोकार्पण किया गया है। इस कोचिंग क्लास में अब युवा जेईई और नीट आदि की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी अपने गाँव–घर में रहते हुए भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मेले में ग्राम्य विकास विभाग और जिला प्रशासन द्वारा 'ग्रामोत्थान परियोजना' के अंतर्गत की गई पहल की सराहना की। मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित स्वयं सहायता समूह के लोगों एवं ग्रामीण उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह मेला हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा, कौशल और उद्यमिता को प्रदर्शित करने का एक अनूठा प्रयास है। आजीविका मेलों के माध्यम से, जहाँ एक ओर स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच मिलता है, वहीं ये मेले आदरणीय प्रधानमंत्री जी के ''आत्मनिर्भर भारत'' और ''वोकल फॉर लोकल'' के मंत्र को भी साकार करने में सहायक सिद्ध होते हैं। ऐसे मेलों के माध्यम से हम ग्रामीण कारीगरों, महिला स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों, ग्रामीण उद्यमियों के साथ साथ कृषि उत्पादों और ग्रामीण कौशल को भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल ''स्वदेशी अपनाओ'' के उस संदेश को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें हमें अपने गाँव, अपने प्रदेश और अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का संकल्प लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी उत्पाद खरीदते हैं तो वो सिर्फ एक सामान की खरीद नहीं होती, बल्कि वो हमारे ग्रामीण कारीगरों, मातृशक्ति और उद्यमियों के सपनों में निवेश होता है। इसलिए स्वदेशी अपनाना न केवल हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि यह हमारे किसानों, हस्तशिल्पियों और स्थानीय उद्यमियों की आजीविका को भी सुरक्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है तो वो न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को सशक्त बनाने का कार्य करती है। इसी को देखते हुए हमने "लखपति दीदी योजना'', ''मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना'' और ''मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना'' के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत अब तक हमारे राज्य की 1.65 लाख रुपए से अधिक महिलाओं ने लखपति बनने का गौरव प्राप्त किया है।साथ ही, ''मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना'' के अर्तंगत महिलाओं द्वारा लगभग 2000 स्टाल लगाकर लगभग 5.5 करोड़ रुपये के विपणन ने उद्यमशीलता की एक नई मिसाल कायम की है। इतना ही नहीं, हमारी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए "हाउस ऑफ हिमालयाज'' ब्रांड के माध्यम से भी हमारी बहनों द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न स्थानीय उत्पाद अब विश्व के कोने–कोने तक पहुंच रहे हैं। राज्य में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 68 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 5 लाख से अधिक सदस्य जुड़े हैं, साथ ही, साढ़े सात हजार से अधिक ग्राम संगठन और 534 क्लस्टर स्तर के संगठन भी बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला किसानों को भी सशक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमने फार्म लाइवलीहुड और महिला किसान सशक्तिकरण योजना के तहत राज्य की लगभग 3 लाख से अधिक महिला किसानों की क्षमता एवं कौशल का विकास करने का काम किया है। इसके अलावा हमने 2.5 लाख एग्रीन्यूट्री गार्डन और किचन गार्डन की स्थापना की है और लगभग 500 फार्म मशीनरी बैंक भी उपलब्ध कराए हैं। इतना ही नहीं हमारी सरकार राज्य की 5 हजार से अधिक महिला किसानों को आर्गेनिक खेती से जोड़ने का कार्य भी कर रही है। इन सभी प्रयासों के माध्यम से आज हमारे प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है ।आज मातृशक्ति आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं, जो इस सरस मेले में भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, ग्रामीण उद्यमी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।







# फिल्म 'डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्स' का पोस्टर लांच

हल्द्वानी । उत्तराखंड के गुमनाम योद्धाओं की सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक एपिसोडिक फिल्म 'डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्स' का विधायक आवास हल्द्वानी में मुख्य अतिथि बंशीधर भगत जी विधायक कालाढुगी विधान सभा , प्रताप सिंह बिष्ट जिला अध्यक्ष नैनीताल एवं शान्ति भट्ट पूर्व ब्लाक प्रमुख हल्द्वानी के उपस्थिति में फिल्म का पोस्टर लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में श्डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्सश की ओर से संजय मैठाणी एजुकेटिव प्रोड्यूसर , सुषमा भारद्वाज एवं हर्षिता कोहली मौजूद रहे। वहीं एफ टी आई हल्द्वानी ऑडिटोरियम में डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्स फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया यह फिल्म नैशनल वाइल्ड लाइफ वीक के अवसर पैन–इंडिया रिलीज हो रही फिल्म 'डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्स' एक सिनेमाई अनुभव है उत्तराखंड के जंगलों को बचाने की खामोश लड़ाई का। यह फिल्म 2024 का बिन्सर अग्निकांड के ऊपर आधारित है। बिन्सर वाइल्ड सेंचूरी, जो अल्मोड़ा जिले में स्थित है वहाँ 2024 की गर्मियों में जंगलों में लगी आग को बुझाते हुए कुछ वनकर्मी और स्थानीय लोग शहीद हो गए। ये फिल्म उन्हीं शहीदों और उनके जैसे अन्य वनरक्षकों के संघर्ष को सामने लाती है। संक्षेप में फिल्म उन गुमनाम योद्धाओं के बारे में बताती दिखाती है जो इस प्रकृति और पर्यावरण के लिए कई बार अपनी जान तक कुर्बान कर देते हैं। कई सारी सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस डायरी के पन्नों को गीत–संगीत के साथ फिल्मी अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। 'डीएफओ डायरी फॉरेस्ट वॉरियर्स' एक रोमांचक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसे उत्तराखंड के खूबसूरत कुमाऊँ हिमालय की गोद में फिल्माया गया है। यह फिल्म जंगलों की आत्मा और उन जाँबाज रक्षकों की गाथा है, जो हर दिन प्रकृति को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं। डीएफओ की डायरी के पन्नों से दर्शक उन वास्तविक और नाटकीय घटनाओं की यात्रा पर निकलते हैं, जहाँ जंगल ही पृष्ठभूमि भी है और रणभूमि भी। कहीं निर्दयी शिकारी मासूम ट्रेकर्स की जिंदगी पर खतरा बनकर आते हैं, तो कहीं भीषण जंगल की आग से लड़ने के लिए गाँववाले, अधिकारी और बच्चे एकजुट होकर धरती माँ को बचाने की कसम खाते हैं। फिल्म की सिनेमाटोग्राफी उत्तराखंड की झीलों, ओक पाइन से भरे घने जंगलों, धुंध से ढकी घाटियों और पारंपरिक गाँवों की सुंदरता को बड़े परदे पर जीवंत करती है। हिमालय यहाँ एक पात्र की तरह उभरता है जिसकी गोद में सौंदर्य भी है और संकट भी। इस फिल्म की सारी शूटिंग कुमांउ की खूबसूरत वादियों की गयी। नैनीताल, भवाली, पंगोट, रामगढ़, मुक्तेश्वर आदि लोकेशन में इसे फिल्माया गया। इस फिल्म का लेखक–निर्देशक : महेश भट्ट, निर्माता: सज्जू लाल टी आर, कॉन्सेप्ट: बीजू लाल आई.एफ.एस. क्रिएटीव प्रोड्यूसर : आयुष्मान भट्ट कैमरा: मनोज सती, संतोष पाल सम्पादन : आयुष्मान, आलोक सिंह, पटकथा : ऋतुराज संगीत: अमित वी कपूर, विनय कोचर, मन चौहान, पार्श्व संगीत : अमित वी कपूर, स्वर: पद्मश्री कैलाश खेर, बीजू लाल आई.एफ. एस, कास्टिंग : सौरभ मिश्रा, कास्टूयम: काजल सिंह, फाइट अरूण सिंह, एक्जीक्यूटिव प्रोडूयसर : संजय मैठाणी हैं।






# राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल गुरमीत सिंह

देहरादून( उद संवाददता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति जी को 'मानसखंड' के अंतर्गत आने वाले पावन मंदिरों, विशेष रूप से नीब करौरी धाम और जागेश्वर धाम की यात्रा हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जी का आगमन राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का अवसर होगा। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति जी को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तराखण्ड में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की जानकारी भी दी और कहा कि प्रदेश इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

# हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में लायें तेजी: सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को राज्य में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए गए खेल अवसंरचना का नियमित रख–रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे राज्य खेल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि 39वें राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत प्रदेश के खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समयबद्ध रूप से पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं बीमा सुरक्षा के लाभ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट जगत की भागीदारी से खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि खेल सुविधाओं का विस्तार जन–जन तक हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए तथा राज्य में विभिन्न खेल अकादमियों की स्थापना से संबंधित कार्यों में गति लाई जाए। बैठक में खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद के उपाध्यक्ष श्री हेमराज बिष्ट, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगोली, निदेशक खेल आशीष चौहान तथा खेल विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# सीएम ने दी वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि उनके जीवन और उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक सद्भाव और समानता का संदेश दिया। उनके द्वारा दी गई समरसता, सद्भाव तथा मानवता जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# मिलावटी खाद्य पदार्थो के खिलाफ चला अभियान

## सघन चेकिंग अभियान में दुग्ध उत्पादों के लिए लिये सेंपल, दो कुंटल पनीर निकला दूषित

रूद्रपुर। आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु डा० आर० राजेश कुमार, सचिव स्वास्थ्य व आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम बाजपुर में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा पुलिस व प्रशासन के सहयोग से लगभग 3 दर्जन से अधिक खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यू०पी० के मुरादाबाद व रामपुर जनपद के स्वार, टांडा, व अस्वास्थ्यकर दशाओं में व खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम की अनुसूची 04 के तहत दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के विपणन एवं ट्रांसपोर्टेशन आदि मानकों का उल्लंघन होते हुए पाया गया, तथा इन अस्वास्थ्य कर परिस्थितियों में पनीर में फंगस आदि के कारण दूषित होना पाया गया। उक्त शामिल है, जांच हेतु लिये गये जिनको परीक्षण हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रूदपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तथा नमूने मानकों के अनुरूप सही न पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/संग्रहण / निर्माण किया जाता है एवं बिना पंजीकरण/लाईसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, साथ ही सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होने बताया कि चौकिंग





में डा० राजेन्द्र सिंह कठायत, उपायुक्त खाद्य संरक्षा, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल के नेतृत्व में जनपद में उधमसिंह नगर में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। उपायुक्त खाद्य संरक्षा, कुमांऊ मण्डल डा० राजेन्द्र सिंह कठायत बताया कि सघन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड की सीमा व प्रवेश द्वार दोराहा दड़ियाल आदि क्षेत्रों से लाये जा रहे दुग्ध व दुग्ध पदार्थ के वाहनों को रोककर उनका सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विभिन्न वाहनों से लगभग 2 कुन्टल पनीर, 05 किलो मक्खन एवं 20 कुन्टल दूध लाते हुए पाया गया।निरीक्षण के दौरान पनीर का रख-रखाव अनहाइजिनिक, अनसैनेटरी व परिस्थितियों की दृष्टिगत जनहित को देखते हुए लगभग 2 कुन्टल दूषित पनीर आदि मौके पर ही खाद्य कारोबारकर्ताओं की सहमति से जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत नष्ट करवाया गया। कार्यवाही के दौरान मौके से कुल 10 दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो के नमूने जिसमें 05 नमूने दूध के, 04 नमूने पनीर के व 01 नमूना मक्खन का जायेगी। उन्होने सभी प्रतिष्ठानों के स्वामी /विक्रेताओं को संदिग्ध खाद्य पदार्थों को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये। सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफ०एस०एस०ए० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले लाईसेंस नंबर- ंकित होना चाहिये। बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय- विक्रय करने का दैनिक रिकार्ड रखने के लिए कहा गया साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।इस विशेष प्रवर्तन अभियान दल में डा० राजेन्द्र सिंह कठायत, उपायुक्त खाद्य संरक्षा, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल, डा० प्रकाश फुलारा, सहायक आयुक्त, ऊधम सिंह नगर, अपर्णा साह वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर, आशा आर्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित थे।

# कमिश्नर ने हैलीपैड गौलापार व ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

## सुरक्षा, सफाई और पर्यावरणीय व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को गौलापार स्थित हैलीपैड एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान




हैलीपैड संचालन से जुड़े लोगों ने बताया कि हैलीपैड के आसपास पक्षियों की आवाजाही अधिक है, जिससे उड़ान संचालन के दौरान सुरक्षा संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकता है। यह भी बताया गया कि आसपास की विद्युत लाइनों पर पेड़ों की शाखाएँ ढकी हुई हैं, जिससे तारों की विजिबिलिटी कम होने के कारण फ्लाइंग हैजर्ड की स्थिति बन सकती है। आयुक्त ने इस पर अधीक्षण अभियंता, यूपीसीएल को निर्देश दिये कि 24 घंटे के भीतर विद्युत लाइनों के समीप पेड़ों की कटाई-छंटाई कर दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हैलीपैड परिसर में अग्निशमन विभाग के कार्मिकों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि हैलीपैड क्षेत्र के समीप पक्षियों की गतिविधि बढ़ने का एक प्रमुख कारण नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड तथा हल्द्वानी की ओर कुछ स्थानों पर खुले में फेंका जा रहा कूड़ा है। इसके पश्चात आयुक्त ने हल्द्वानी रेलवे लाइन और राजपुरा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में भी कुछ लोग गौलानदी में कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ डाल रहे हैं, जिससे पक्षियों का आवागमन बढ़ रहा है और हैलीपैड संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाए, सार्वजनिक घोषणा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए, और इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही, इन क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा नियमित सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। इसके बाद आयुक्त ने ट्रेंचिंग ग्राउंड गौलापार का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा यहाँ के लेगसी वेस्ट के निस्तारण हेतु लगभग 6 करोड़ रुपये का टेंडर किया गया है, जिसकी अवधि 6 माह निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अनुबंध के अनुसार दो मशीनें लगनी थीं, किंतु वर्तमान में केवल एक ही मशीन कार्यरत है। इस पर आयुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर दूसरी मशीन तत्काल लगवाने और मशीन संचालन की सूचना देने के निर्देश दिये। आयुक्त ने यह भी कहा कि निर्धारित अवधि में लेगसी वेस्ट का पूर्ण निस्तारण किया जाए तथा जो ताजा अपशिष्ट आ रहा है, उसका भी नियमित सेग्रीगेशन और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे हल्द्वानी शहर में लंबे समय से चली आ रही यह समस्या दूर हो सके। उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये, ताकि सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखी जा सके। साथ ही आयुक्त ने यह भी कहा कि शहर में जिन जानवरों की मृत्यु हो जाती है, उन्हें खुले में फेंकने के बजाय निर्धारित खड्डों में दफनाया जाए। उन्होंने पक्षियों की आवाजाही समाप्त करने हेतु ट्रेंचिंग ग्राउंड में ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राहुल साह, सीओ दीपशिखा अग्रवाल, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, हैलीपैड संचालन टीम के रविन्द्र सिंह सहित नगर निगम, यूपीसीएल व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चला पुलिस का डंडा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सोमवार को नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की। चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव गौरव जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सदर बाजार और मंगलपड़ाव क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान नो पार्किंग जोन और गलत तरीके से पार्क किए गए 38 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



जिससे वहां वाहनों के स्वामियों में हड़कंप मच गया। वहीं, शराब के नशे में वाहन चलाने वाले तीन चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए गए। अभियान के दौरान कुल 261 लापरवाह चालकों के खिलाफ 82,500 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। जबकि 10 वाहन सीज और तीन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहन नो पार्किंग जोन या सड़क किनारे अवैध स्थानों पर न खड़े करें। क्योंकि इससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है और एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं के संचालन में भी कठिनाई आती है। पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरितकरने की अपील की है।

# शालिनी शर्मा की पुस्तक उड़ान का मीना शर्मा ने किया विमोचन

रुद्रपुर ।लेखिका शालिनी शर्मा की नई पुस्तक मेरी कलम की उड़ान का विमोचन उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, ने अपने आवास पर किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने कहा कि शालिनी शर्मा हमारे प्रदेश की उदयमान,और उभरती हुई लेखिका



है, और उन्होंने मेरी कलम की उड़ान शीर्षक से पुस्तक लिखकर इसको प्रमाणित करने का प्रयास भी किया है, उन्होंने, इस सुंदर और साहसिक प्रयास के लिए लेखिका शालिनी शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह भविष्य में भी अपनी लेखनी से कई और भी पुस्तक लिखेंगी,इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, मोनिका शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# ऐरा कंपनी श्रमिकों की सवेतन कार्यबहाली की उठाई मांग

रुद्रपुर। ऐरा कंपनी के श्रमिकों के प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्रा से भेंट प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए, उक्त औद्योगिक विवाद में शामिल 102 स्थायी श्रमिकों की सवेतन कार्यबहाली की मांग की।श्रमिकों ने बताया कि जिसकी स्पष्ट उल्लेख संबंधित दस्तावेजों में दर्ज है।उन्होंने बताया कि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अंतर्गत यह प्रावधान है कि यदि किसी बंद प्रतिष्ठान है।इस पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्रा ने श्रमायुक्त विपिन कुमार को निर्देशित किया कि 9 अक्टूबर को कंपनी प्रबंधन, पूर्व विधायक





कर श्रमिकों की समस्याओं पर विस्तृत वार्ता की। बैठक में उप श्रम आयुक्त विपिन कुमार भी उपस्थित रहे। राजेश शुक्ला ने कंपनी प्रबंधन से एनसीएलटी (दिल्ली शाखा) के निर्देशन में हुई नीलामी प्रक्रिया में वर्णित शर्तों एवं औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अपेक्स बिल्डसीस लिमिटेड को एनसीएलटी के आदेशानुसार 27 फरवरी 2019 को जसमीत डिजाइनर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खरीदा गया था। इसके अंतर्गत 25 मई 2022 को कंपनी के स्वामित्व एवं प्रबंधन का हस्तांतरण 102 स्थायी श्रमिकों सहित किया गया था, को पुनः चालू किया जाता है, तो मिल बंदी के समय के श्रमिकों को ही सर्वप्रथम नियोजन में लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कंपनी प्रबंधन ने सैकड़ों नए श्रमिकों की भर्ती कर उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया है, जो पूर्णतः अवैधानिक कृत्य है और कानून के प्रावधानों का उल्लंघन राजेश शुक्ला एवं ऐरा श्रमिक संगठन के बीच बैठक आयोजित कर मामले का समाधान सुनिश्चित किया जाए।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि श्रमिकों का अधिकार और न्याय सर्वोपरि है, किसी भी स्थिति में उनके वैधानिक अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्


## दवाईयों की जांच

किसी बीमारी में दवा जीवनदायिनी हो सकती है। मगर जब कोई दवा ही मौत का कारण बन जाए, तो इसे लापरवाही या जान से खिलवाड़ नहीं तो और क्या कहा जाएगा! मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी ऐसा ही हुआ है, जहां खांसी की दवा से कई बच्चों की मौत के मामले सामने आए हैं। शासन-प्रशासन की ओर से इन मामलों की गहन जांच कराने का आश्वासन दिया गया है।इसके अलावा, एक चिकित्सक को गिरफ्तार और कुछ अन्य अधिकारियों को निलंबित किया गया है। साथ ही इस दवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और संबंधित कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि ऐसी कार्रवाई के लिए अक्सर किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया जाता है? दवाओं की गुणवत्ता जांच नियमित तौर पर क्यों नहीं की जाती और जो दवाएं बच्चों के लिए प्रतिबंधित हैं, वे बाजार में बिना रोक-टोक कैसे बिक रही हैं?यह कोई पहली बार नहीं है कि देश में किसी दवा की वजह से कई जानें चली गईं। इससे पूर्व भी इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं। विडंबना यह है कि न तो सरकार एवं प्रशासन और न ही स्वास्थ्य संस्थानों एवं वहां कार्यरत अधिकारियों के स्तर पर ऐसी घटनाओं से कोई सबक लिया जाता है। मध्य प्रदेश में जिस चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है, उस पर आरोप है कि वह सरकारी सेवा में होने के बावजूद एक निजी क्लिनिक में भी अपनी सेवाएं दे रहा था और बच्चों के लिए इस दवा के इस्तेमाल का परामर्श देता था। सवाल है कि आरोपी चिकित्सक के सरकारी सेवा के साथ निजी क्लीनिक में काम करने पर स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कोई संज्ञान क्यों नहीं लिया? दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है किस दवा के विभिन्न आयु-वर्ग के मरीज पर क्या प्रभाव पड़ सकते हैं, इसकी जानकारी क्या चिकित्सकों को नहीं दी जाती है? या फिर चिकित्सक और दवा कंपनियों के बीच सांठगांठ से इस तरह का गोरखधंधा फल-फूल रहा है? सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। खबरों के मुताबिक, मध्य प्रदेश सरकार ने तमिलनाडु सरकार को पत्र लिखकर वहां स्थित संबंधित दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ जांच करने का आग्रह किया था। इसके बाद तमिलनाडु के औषधि नियंत्रक विभाग ने अपनी जांच में इस दवा के निर्माण में मिलावट होने की पुष्टि की थी। जांच रपट में कहा गया कि इसमें 48.6 फीसद 'डायथिलीन ग्लाइकाल' पाया गया, जो जहरीला रसायन है और सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है। सवाल है कि इस तरह की खतरनाक दवा को बाजार में बिक्री की अनुमति कैसे दे दी गई? क्या किसी दवा के बाजार में आने से पहले किया जाने वाला नमूना परीक्षण ही काफी है?

# विरासत महोत्सव मे सांस्कृतिक धरोहर और शास्त्रीय संगीत की भव्य प्रस्तुति रही यादगार

देहरादून(उद संवाददाता)।देहरादून में चल रहे विरासत महोत्सव 2025 के तीसरे दिन का आयोजन भारतीय संस्कृति की गरिमा, लोककला की विविधता और शास्त्रीय संगीत की गूंज के साथ ऐतिहासिक बन गया। विरासत साधना की सुबह जहां देशभर के विद्यालयों के छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों से गुलजार रही, वहीं शाम को अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकारों (हैरिटेज स्कूल), प्रकिता जखमोला (डुमरी एडुविला इंस्टीट्यूट), एशवेन नेगी (वेनहेल स्कूल), आकृति मैठाणी (सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल), साहनवी बिजल्वाण व देवयाना कोठियाल (सेंट कबीर स्कूल), ध्रुव वर्मा (जीआईसी नथुवावाला) और तेजल त्यागी (न्यू ब्लूसूम स्कूल) ने मंच पर बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं। एरिका रोज पिंटू फोतिमाबोनू उमरोवा (मुख्य कोरियोग्राफर), लोला चोलिबोयेवा और रुशाना ओक्टामोवा की लोकनृत्य प्रस्तुतियाँ अत्यंत मोहक रहीं। साथ ही, गायक फैक्सरिद्दीन जोलनाजरोव, इब्रोहिम उर्चिनोव और शाक्सजोद योल्दाशेव ने पारंपरिक 'कट्टा अशुला' गायन शैली में बिना वाद्ययंत्रों के प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। लोक गायन साथ तबले पर संगत कर रहे शुभ महाराज के साथ उनकी जुगलबंदी ने संगीत प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। शाम की अंतिम प्रस्तुति में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दिग्गज, पद्मश्री पं. उल्हास कशालकर ने जब मंच संभाला, तो मौसम भी उनका स्वागत करने के लिए थम गया। उन्होंने राग संपूर्ण मालकौंस में दो पारंपरिक बंदिशें प्रस्तुत कर माहौल को सुरमय बना दिया।





और भारतीय शास्त्रीय संगीत के दिग्गजों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुबह की शुरुआत विरासत साधना से हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने नृत्य और संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खासकर बालिकाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। सानिका बर्थवाल ने 'बरसन लागी बदरिया...' पर अपनी नृत्य प्रस्तुति से मंच पर समां बांध दिया। इसके बाद प्रणिका झिल्डियाल (सेंट जोजेफ एकेडमी), समीक्षा नेगी (सेंट पेट्रिक स्कूल) ने श्सब सरकार तुम्हई से है...नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। अस्मिता खेत्रपाल, शेम्या अग्रवाल, आराध्या बहुगुणा, स्वर्ण शिखा खंडूड़ी, अक्षिता राव और ओजस्वी कुनवाल की प्रस्तुतियाँ भी खूब सराही गईं। प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। शाम की सांस्कृतिक संध्या का आरंभ उज्बेकिस्तान के प्रतिष्ठित म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुतियों से हुआ। 'लड़की हसीन हो... लड़का जवान हो. ..' ने दर्शकों में विशेष उत्साह भर दिया, जबकि 'हिरोसिम अजगी' की भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने भारत-उज्बेकिस्तान सांस्कृतिक संबंधों को और भी प्रगाढ़ बना दिया।शाम का आकर्षण बने देश के प्रसिद्ध युवा सरोद वादक प्रतीक श्रीवास्तव, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग श्याम कल्याण से की और राग मेघ में समापन किया। उनके उनकी संगत में थे हारमोनियम पर डॉ. विनय मिश्रा, तबले पर कौस्तुव स्वैन, तानपुरा पर अंशुमान भट्टाचार्य, तथा स्वर-संगत में प्रो. ओजेश प्रताप सिंह। ग्वालियर, जयपुर और आगरा घरानों से प्रशिक्षित पं. कशालकर को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, तानसेन पुरस्कार व पं. ओंकारनाथ ठाकुर पुरस्कार जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। वे वर्तमान में आईटीसी संगीत अनुसंधान अकादमी से जुड़े हुए हैं।

## ठाकुर श्री श्री अनुकूल चंद्र जी के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सत्संग आंदोलन के प्रवर्तक और युगपुरुष श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 139वें जन्मोत्सव को भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां शक्तिफार्म में प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में सत्संग मंदिर शक्तिफार्म में ठाकुर जी के अनुयायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्सव के सफल आयोजन हेतु एक कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सत्संगी अनुयायियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सूरज देवनाथ को आयोजन समिति का अध्यक्ष और रवि मजूमदार को सचिव मनोनीत किया गया। वहीं अनूप सरकार को उपाध्यक्ष और सुब्रत दास को उपसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में नंदूलाल मंडल और तपन मंडल को दायित्व सौंपा गया है





जबकि आयोजन संयोजन का कार्य उत्तम दास को सौंपा गया। समिति के ऑडिटर के रूप में सुजीत मजूमदार को नामित किया गया। उत्सव की संरक्षक मंडल में दिलीप सरकार, हाराधन साना, हाराधन शाह, रविंद्र विश्वास, पंचानन मंडल, संजय हालदार, समर देवनाथ, अरुण मंडल, हरिदास, महेंद्र, प्रेम निताई दास, कंकन, अनुप तथा बंकेश सरदार को शामिल किया गया है। कार्यकारी सदस्यों में ठाकुरदास, मिथुन मंडल, आशुतोष, तापस, राजू दास, संजीत मिस्त्री, मनोज सुतार एवं श्रीनाथ को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के आदर्शों पर चलने और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी तय किया गया कि इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ किया जाएगा। आगामी 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले जन्मोत्सव को लेकर तैयारियों का आगाज कर दिया गया है। आयोजन के अंतर्गत सत्संग प्रवचन,भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन प्रस्तावित है।

## भाईचारा एकता मंच का वार्षिक उत्सव एवं पटेल जयंती सम्मान समारोह 29 को

रुद्रपुर। भाईचारा एकता मंच का 6वाँ वार्षिक उत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर पार्क रूद्रपुर में संपन्न होगा कार्यक्रम में भारतवर्ष के विभिन्न हिस्सों से सरदार पटेल जी को मानने वाले समाजसेवी, जनप्रतिनिधि ब शहर के गणमान्य लोग शामिल होंगे कार्यक्रम में पहुंचने वाली हर महिला को अंग बस्त्र से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने बताया कि भाईचारा एकता मंच हर वर्ष अंबेडकर पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष में संगठन का वार्षिकोत्सव एवं पटेल जयंती सम्मान समारोह आयोजित करता है विगत वर्ष भाईचारा एकता मंच के कार्यक्रम में 2500 महिलाओं को शाल उड़ा कर सम्मानित किया गया था इस वर्ष भी कार्यक्रम में पहुंचने वाली हर महिला को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मिर्जापुर से पूर्व सांसद बालकुमार पटेल,क्षत्रिय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार, सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के एडवोकेट मानसिंह पटेल, बरेली से पी पी सिंह गंगवार सहित उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के तमाम जन प्रतिनिधि गण हिस्सा लेंगे।

## मदरसा बोर्ड खत्म करने का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड/ उत्तर प्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ ने उत्तराखंड सरकार के मदरसा बोर्ड को भंग करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया है। संघ के प्रवक्ता एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि आजादी के बाद तुष्टिकरण पर ये सबसे बड़ा प्रहार है जिसकी आम जनता बरसों से प्रतीक्षा कर रही थी और ये आज के नए जमाने की जरूरत भी थी एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि मदरसों में अमीरों के बच्चे नहीं पढ़ते बल्कि मुस्लिम समाज के गरीब बच्चों को ही धर्म का आडम्बर दिखा कर जाने को प्रेरित किया जाता है जबकि अमीर लोगों के बच्चे आज के आधुनिक स्कूलों में पढ़ने जाते हैं जिससे गरीबों के बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते जो अमीर मुस्लिम लोगों की साजिश है। किच्छा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत ने उत्तराखंड सरकार के इस फैसले की सराहना करते हुए हुए इसे एक क्रांतिकारी कदम बताया है उन्होंने कहा इससे समाज में सभी को बराबरी का अवसर भी मिलेगा।

## गोलज्यु मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शैल परिषद परिवार द्वारा गोलज्यु स्थापना दिवस पर शैल परिषद शैल भवन परिसर में स्थित गोलज्यु मंदिर में अनेक भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर दिन बुधवार को सायं 6 बजे गोलज्यु महाराज की आरती होगी । जिसके पश्चात सायं 7 बजे से जागर प्रारम्भ किया जायेगा। 9 अक्टूबर दिन गुरूवार को प्रातः 7 बजे पूजा पाठ एवं हवन तथा सुन्दर पाठ किया जायेगा। जिसके बाद दोपहर 2 बजे से आयोजन स्थल पर भंडारा आयोजित होगा। शैल परिषद सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

## बैडमिंटन एवं कैरम प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के हल्द्वानी मॉड्यूल की शाखाओं द्वारा सोमवार को देव्स शटल डेन में बैडमिंटन एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हल्द्वानी मॉड्यूल की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में आपसी सहयोग, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक राजीव रंजन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और बैंक कर्मचारियों के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम हैं बल्कि कार्यस्थल पर ऊर्जा और सकारात्मकता लाने का भी श्रेष्ठ तरीका हैं। दिनभर चली प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## संत समागम में ठुकराल को किया सम्मानित

रुद्रपुर। वार्ड नंबर एक फुलसुंगी स्थित डेरा श्री श्री 108 संत बाबा ईसर सिंह जी बेदी ट्रस्ट परिसर में श्री श्री 108 संत बाबा ईसर सिंह जी बेदी एवं बाबा दीदार सिंह जी बेदी की 29वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सालाना रूहानी सत्संग एवं संत समागम का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और गुरुद्वारे में शीश नवाकर गुरुवाणी व सत्संग का रसपान किया। श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लेकर संत महापुरुषों के चरणों में भक्ति भाव से अपनी आस्था प्रकट की। पूरा वातावरण गुरुवाणी, शब्द-कीर्तन और संतों की वाणी से गूंज उठा, जिससे उपस्थित संगत रूहानी आनंद में सराबोर हो गई। कार्यक्रम के दौरान कथा वाचकों और रागी जत्थों ने एक से बढ़कर एक शबद गायन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संगत ने गुरु के बताए रास्ते पर चलने और सेवा-भाव के संकल्प के साथ महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा ली। सालाना संत



समागम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर बाबा गुरदीप सिंह बेदी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। ट्रस्ट की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा ऐसे रूहानी समागम हमारे समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक एकता का संदेश देते हैं। बाबा ईसर सिंह जी और बाबा दीदार सिंह जी जैसे संत महापुरुषों ने जो सेवा, करुणा और परोपकार का मार्ग दिखाया है, वो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर संजय ठुकराल, सुनील चुघ, सचिन छाबड़ा, वरुण मुंजाल, सचिन गुम्बर, अरुण नारंग, सतीश मुंजाल, विशाल छाबड़ा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बंटी कोली की स्मृति में शिव जागरण आयोजित

रुद्रपुर। रम्पुरा के वार्ड नंबर 24 में दिवंगत युवा समाजसेवी स्वर्गीय बंटी कोली की पुण्य स्मृति में वार्डवासियों द्वारा भव्य शिव जागरण का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में देर रात तक चले इस जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भजन- कीर्तन, झांकियों और पूजा- अर्चना के माध्यम से शिव महिमा का गुणगान करते हुए बंटी कोली को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जागरण के दौरान भजन गायकों ने भगवान शिव और मां भगवती के भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बम-बम भोले, जय शिव शंकर जैसे भजनों पर लोग देर रात तक झूमते रहे। आयोजन में प्रस्तुत आध्यात्मिक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव जागरण में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी सहभागिता की और पूजा-अर्चना कर दिवंगत बंटी कोली को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजकों की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्री ठुकराल



ने कहा बंटी कोली एक मिलनसार, समाजसेवी और सक्रिय युवा थे। उनका इस तरह असमय चला जाना हम सबके लिए पीड़ा देने वाला है, लेकिन जिस प्रकार आज समाज के हर वर्ग ने उनकी स्मृति में एक धार्मिक आयोजन किया है, वह इस बात का प्रमाण है कि बंटी आज भी सभी के दिलों में जिंदा हैं। शिव जागरण में समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, राजेश कोली, प्रीतम कोली, बाबू कोली, सतीश कोली (सूर्या), अरुण चंद्रा, बंटी, अमित कोली, अमर कोली, सूरज कोली, लोकेश मौर्य, सुनील सागर, हिमांशु गुप्ता, निखिल गुप्ता, पार्षद सोनी कोली, पार्षद पति दर्शन कोली, मोहित, रुद्रा, अंकित समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शरद पूर्णिमा पर बंगाली समाज ने श्रद्धा और भक्ति के साथ की कोजागरी लक्ष्मी पूजा

-विक्की मण्डल-

शक्तिफार्म। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि पर बंगाली समाज ने परंपरागत आस्था और हर्षोल्लास के साथ कोजागरी लक्ष्मी पूजा संपन्न की। चांदनी रात में दीपों की पंक्तियाँ, मंत्रों की ध्वनि और भक्ति संगीत ने पूरे नगर को आध्यात्मिक वातावरण में डूबो दिया। संध्या ढलते ही बंगाली परिवारों में पूजा की तैयारी आरंभ हो गई। घरों की सफाई कर द्वारों को आम्रपल्लव और केले के पत्तों से सजाया गया। आंगन में सफेद चावल के घोल से अल्पना (पारंपरिक आकृतियाँ) बनाई गईं और लक्ष्मी जी के पांवों के निशान अंकित कर मां का स्वागत किया गया। पूजा पंडालों और घरों में सुगंधित धूप, दीप और पुष्पों की महक से वातावरण पवित्र हो उठा। माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष धान, दूर्वा, सुपारी, केले, फूल और दूध-चावल से बनी खीर का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक बंगाली रीति से मंत्रोच्चार करते हुए लक्ष्मी स्तोत्र और आरती का पाठ किया। महिलाएं लाल-सफेद साड़ियों में सजीं, माथे पर सिंदूर और हाथों में दीप लिए देर रात तक भक्ति गीत गाती रहीं। इस पर्व की विशेष मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात माँ लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और उन घरों में प्रवेश करती हैं जहाँ लोग जागरण कर रहे होते हैं। इसी कारण इस पर्व को कोजागरी पूर्णिमा कहा जाता अर्थ है "को जाग्रति?" अर्थात "कौन जाग रहा है?"। श्रद्धालु इस रात लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्ति के लिए पूरी रात जागरण करते हैं



और भजन-कीर्तन में लीन रहते हैं। चंद्रमा की उपासना भी इस पूजा का अभिन्न अंग है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और उसकी किरणों में अमृत के समान ऊर्जा होती है। इसी कारण भक्त खीर को खुले आकाश के नीचे रखकर चांदनी में पकाते हैं, जिसे अगले दिन सुबह अमृत तुल्य प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। पूजा के पश्चात भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि, धन-धान्य और सामाजिक कल्याण की कामना की। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी पूजा आयोजित की गई, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी समान श्रद्धा से सहभागी बने। बंगाली समुदाय के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह पूजा केवल धन की देवी लक्ष्मी की आराधना नहीं, बल्कि परिश्रम, जागरूकता और संयम का प्रतीक है। माँ लक्ष्मी सदैव उसी के घर आती हैं जो कर्मशील, सतर्क और निष्ठावान हो। यह पर्व मनुष्य को सिखाता है कि समृद्धि पाने के लिए जागरूक और कर्मठ रहना आवश्यक है। पूरे नगर में देर रात तक दीपों की पंक्तियाँ और भक्ति गीतों की गूंज छाई रही।

## क्या है कोजागरी लक्ष्मी पूजा?

शक्तिफार्म यह बंगाली समुदाय का प्रमुख धार्मिक पर्व है, जो शरद पूर्णिमा की रात को मनाया जाता है। इस दिन माँ लक्ष्मी की विशेष आराधना की जाती है। "कोजागरी" शब्द का अर्थ संस्कृत से लिया गया यह शब्द "को जाग्रति?" यानी "कौन जाग रहा है?" से बना है। मान्यता है कि माँ लक्ष्मी उसी के घर आती हैं जो इस रात जागरण करते हुए उनकी पूजा करता है। चंद्रमा का संबंध- शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। उसकी चाँदनी में अमृत तत्व माने जाते हैं। इसी कारण इस रात खीर को चाँदनी में रखकर भोग के रूप में अर्पित किया जाता है।

# टनकपुर ने पीलीभीत को हराकर दिखाया दमखम,विवेक बने प्लेयर ऑफ द मैच

शक्तिफार्म।रुद्रपुर में जारी नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच में सोमवार को टनकपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीलीभीत को 2-1 से पराजित कर दिया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन टनकपुर के खिलाड़ियों ने अवसरों को भुनाते हुए बढ़त बनाए रखी। पहले हाफ के 11वें मिनट में टनकपुर के विवेक ने पहला गोल दागकर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके मात्र तीन मिनट बाद भुप्पी ने शानदार गोल करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। 18वें मिनट में पीलीभीत के अभिनव ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए टीम की ओर से एकमात्र गोल किया। दूसरे हाफ में बरसात के बीच खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए, मगर कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और अंतत: टनकपुर ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए टनकपुर के विवेक को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मैच का शुभारंभ ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विधान सरकार, प्रधान संघ अध्यक्ष रेशम सिंह, प्रधान राजा हालदार, महेंद्र सिंह, आनंद सरकार, प्रभाकर राय और प्रकाश राय ने संयुक्त रूप से किया। मैच में सुमित विश्वास मुख्य रेफरी रहे, जबकि रोहित और राहुल सहायक रेफरी की भूमिका में थे। कमेंट्री का संचालन पंकज राय, जयंत मंडल, सव्यसाची हालदार और सुनील सरकार ने किया। वहीं स्कोरर की जिम्मेदारी सुजीत और दीपेन ने संभाली।



# शरद पूर्णिमा पर औषधि युक्त खीर का वितरण

गदरपुर । शरद पूर्णिमा की रात्रि को तैयार की गई आयुर्वेदिक औषधि युक्त खीर वितरण का पंडित राजीव गौतम, पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर द्वारा शुभारंभ



करवाया गया । उल्लेखनीय हो कि इस खीर के सेवन से श्वास रोग,दमा ,खांसी एवं अन्य कई प्रकार के रोगों को दूर करने में लाभ मिलता है । यह योग वर्ष में एक बार शरद पूर्णिमा की रात्रि को आता है । इस दौरान आवास विकास के शिव पार्वती मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संध्या गोयल ,हिमांशी,सिया, पूजा भट्ट, गोल्डी गंभीर, गायत्री देवी शर्मा सहित तमाम लोग शामिल रहे । उधर शिव मंदिर में खीर वितरण का शुभारंभ शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जय किशन अरौरा के नेतृत्व में पंडित अटल बिहारी शर्मा एवं योग शिक्षक महेंद्र छाबड़ा द्वारा करवाया गया। इस पुनीत कार्य में शिव मंदिर कमेटी वार्ड नंबर 7, प्रेस क्लब गदरपुर, सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई पतंजलि योग समिति का सहयोग रहा । इस दौरान राजेश मदान ,बच्ची सिंह बिष्ट, सोनू ठुकराल, जगदीश बेहड़, बाबूराम गाबा ,गोल्डी गाबा ,सीताराम, राम प्रवेश ,अनिल जेटली, पार्वती जी, कमला रानी, सरिता रानी, सुमन बाला बेहड़ आदि मौजूद रहे ।

# श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज में फ्रेशर पार्टी की धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज, प्रीत विहार में आज नवप्रवेशित विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता भटनागर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम ऑनर्स की छात्रा पवनीत एवं संतुष्टि द्वारा अत्यंत सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर हो उठा, जहां नवागंतुक विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ छात्रों ने गीत, संगीत एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में शामिल श्रीमती अशमीत कौर एवं श्रीमती प्रिया गुप्ता द्वारा बहुप्रतीक्षित 'मिस्टर एंड मिस फ्रेशर' के परिणामों की घोषणा की गई। इस वर्ष मिस्टर फ्रेशर का खिताब पवन यादव (बीबीए प्रथम सेमेस्टर) एवं मिस फ्रेशर का खिताब सिफत कौर (बीए प्रथम सेमेस्टर) को प्रदान किया गया। समारोह की रूपरेखा एवं समन्वयन में डा. रुपाली सक्सेना एवं डा. नाजिया बानो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शिवी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए समारोह का समापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ख्र संदीप, संजय कुमार, गौरव मिश्रा, आनंद राम, डा. नवनीत कौर, डा. मीनाक्षी, डॉ. फरजीन, श्रीमती शीतल, प्रकाश सिंह, मलकीत सिंह, तरुण कुमार, श्रीमती सुरभि, मिस प्रियंका, मिस अदिति, श्रीमती भावना, श्रीमती सरबजीत, श्रीमती गंगा, अनुज, राधे श्याम, दुर्गेश, एवं श्रीमती कमला देवी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**सीजेआई पर जूता...**कहा कि वे न्यायपालिका के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जब आम व्यक्ति की भावनाओं का अनादर न्यायिक स्तर पर किया जाए, तो वह मजबूरन प्रतिक्रिया देता है उन्होंने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को संवैधानिक पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों द्वारा बुलडोजर के इस्तेमाल संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए न्यायमूर्ति गवई की आलोचना की। राकेश किशोर ने आगे कहा कि मुख्य न्यायाधीश एक संवैधानिक पद पर आसीन हैं और उन्हें 'माई लॉर्ड' कहा जाता है, इसलिए उन्हें इसका अर्थ समझना चाहिए और गरिमा बनाए रखनी चाहिए। किशोर ने कहा कि मैं मुख्य न्यायाधीश और मेरा विरोध कर रहे लोगों से पूछता हूं कि क्या बरेली में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर योगी जी का बुलडोजर चलाना गलत था? राकेश किशोर ने कहा कि हम सहिष्णु रहे हैं, लेकिन जब हमारी पहचान ही खतरे में है, तो मैं चाहता हूं कि कोई भी सनातनी अपने घरों में चुप न रहे. वे जो कर सकते हैं, करें। बार काउंसिल द्वारा अपने निलंबन की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि काउंसिल ने कानून का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट्स एक्ट की धारा 35, जिसके तहत मुझे निलंबित किया गया है, एक अनुशासन समिति गठित की जानी है, जो नोटिस भेजेगी और मैं जवाब दूंगा। दलित जज पर निशाना साधने की कोशिश के लिए आलोचनाओं के बीच उन्होंने कहा कि वह पहले सनातनी हैं, फिर उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। अब वह दलित कैसे हो गए? यही उनकी राजनीति है। अधिवक्ता राकेश किशोर ने कहा कि वह जेल जाने को तैयार हैं, लेकिन अपने कृत्य के लिए माफी नहीं मांगेंगे।

**बारिश से रूद्रपुर हुआ...**गई हैं। ऐसे में आज हुई बरसात ने ठेलियों पर लगाये सामान को काफी नुकसान पहुंचाया है। वहीं बाजार में जलभराव हो जाने से बरसात का पानी कई दुकानों के भीतर आ गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर को जलभराव से मुक्त करने के लगातार दावे किया जाते रहे हैं लेकिन जब बरसात शुरू होती है तो निगम के दावों का असली चेहरा सामने आ जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी त्यौहारी सीजन में बरसात के कारण व्यापारियों का काफी नुकसान हुआ है। इसका स्थाई समाधान होना जरूरी हो गया है। संजय जुनेजा ने नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, पार्षद चिराग कालड़ा के साथ जलभराव क्षेत्रों का भ्रमण कर उनको वास्तविकता से अवगत कराते हुए इसका स्थाई समाधान कराने का आग्रह किया। हांलाकि वर्षा रूकने के बाद स्थिति सामान्य होने लगी थी परंतु तब तक अनेक व्यापारियों का काफी नुकसान हो चुका था।

**मुख्यमंत्री धामी ने ..**देती है। श्री धामी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सामाजिक समानता और समरसता का संदेश दिया, जिसकी आज के सामाजिक ताने-बाने में विशेष आवश्यकता है। उनके नैतिक मूल्य-समरसता, सद्भाव और मानवता-वर्तमान समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक समरस और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें।

**एसएसपी ने सुनी..** ग्रुप का गठन किया गया। जिसमें जनपद के सभी पुलिस पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें वे अपनी समस्या, शिकायत या सुझाव भेज सकेंगे। इन पर तुरंत संज्ञान लेकर समाधान किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की सीएलजी (सामुदायिक सम्पर्क समूह) मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स को सम्मिलित किया जाए, ताकि वे सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहें।एसएसपी ने एएसपी संचार को निर्देशित किया कि जनपद में निवासरत प्रत्येक पुलिस पेंशनर एवं उनके आश्रितों का पूर्ण विवरण नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि एकत्र कर सूची अद्यावधिक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस पेंशनर्स हमारे पुलिस परिवार का अभिन्न अंग हैं।

**फर्जी फोटो वीडियो...**करवाई गई हैं। प्रार्थिनी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए स्थानिक पुलिस से तत्काल कानूनी कार्रवाई व संरक्षण की गुहार लगाई है। शिकायत में अनुरोध किया गया है कि आरोपों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए ताकि उनकी इज्जत व सुरक्षा बनी रहे। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

**बाथरूम में घुसा..**स्थिति की गंभीरता को समझते हुए हिम्मत दिखाते हुए बाथरूम का दरवाजा बंद कर दिया और तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तड़के करीब 6 बजे पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ भी घटनास्थल पर जुट गई। गुलदार को ट्रेंकुलाइज (बेहोश) कर पिंजरे में डालने तक टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। अंतत: उसे सकुशल रेस्क्यू कर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार करीब 3 से 4 साल का है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान में अल्मोड़ा नगर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में गुलदारों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे जनसुरक्षा की चिंता बढ़ रही है। पिछले कुछ समय में अल्मोड़ा शहर के कई हिस्सों में गुलदार देखे जाने की घटनाएं सामने आई हैं। चीनाखान और गोलनाकरडिया इलाकों से भी गुलदारों को रेस्क्यू किया जा चुका है। त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, एलआर साह रोड, गोपालधारा और दन्या क्षेत्रों में भी हाल के दिनों में गुलदार देखे जाने की खबरें आई हैं।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के विभागीय अभिलेखों (सेवा पुस्तिका) में मेरा नाम दीपनारायन पासवान अंकित हो गया है। जबकि अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम दीप नारायन अंकित है जो कि सही व सत्य है। उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही है। विश्वविद्यालय के विभागीय अभिलेखों (सेवा पुस्तिका) में मेरा नाम दीप नारायन पासवान के स्थान पर दीप नारायन अंकित कर दिया जाये और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

दीप नारायन पुत्र श्री रघुवर निवासी, 1/116,फूलबाग, पंतनगर, तहसी.रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# बैंक ने फैक्ट्री पर लिया कब्जा

किच्छा(उद संवाददाता)। नैनीताल बैंक लिमिटेड को ग्राम कुरैया स्थित आसिफा इंडस्ट्रीज बर्फ फैक्ट्री का कब्जा मंगलवार को सरफेसी एक्ट-2025 के तहत दिलाया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति में की गई। जानकारी के अनुसार, बैंक द्वारा लंबे समय से लंबित ऋण की वसूली को लेकर जारी नोटिस और कानूनी प्रक्रिया के क्रम में यह कदम उठाया गया। करीब



एक एकड़ क्षेत्र में फैली फैक्ट्री का संचालन हाजी इस्लाम कुरैशी पुत्र रफीक, निवासी कुरैशी मोहल्ला, किच्छा द्वारा किया जा रहा था। ऋण की अदायगी न होने पर बैंक ने सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत संपत्ति को अपने अधिग्रहण में लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। मंगलवार को प्रशासनिक टीम, बैंक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में फैक्ट्री को खाली कराकर उसे नैनीताल बैंक के प्रतिनिधियों को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए मुस्तैदी से डटे रहे। पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# जयंती पर भगवान वाल्मीकि को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ आवास विकास स्थित पार्क में



भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वाल्मीकि समाज द्वारा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति के आदिकवि और महान ऋषि थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, चिंतन और लेखनी के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने रामायण जैसे अमर ग्रंथ की रचना कर मानवता को धर्म, नीति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि कोई भी व्यक्ति अपने सत्कर्मों और संकल्प शक्ति से अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने समाज में समानता, भाईचारे और न्याय के मूल्यों को स्थापित किया। भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएँ हमें यह सिखाती हैं कि समाज में हर व्यक्ति का सम्मान समान रूप से होना चाहिए। उन्होंने सदैव सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया,भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक नितिन चरन, भावाधस के राष्टीय संचालक धीरज मधुकर, सरपंच राकेश कुमार वाल्मीकि, सभासद संदीप अरोरा, ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र गौतम, कल्लू चरन, सुभाष तनेजा, कैलाश वाल्मीकि,सोहन लाल, मनोहर लाल वाल्मीकि, नितिन गुप्ता, चंदन जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, छत्रपाल वाल्मीकि ,रघुनंदन प्रसाद, नेकपाल वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, धर्मेन्द्र कुमार, राजा वाल्मीकि, राजेश वाल्मीकी, सचिन चरन, विवेक चरन, अरुण कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक दास आदि लोग उपस्थित रहे।

# बालक वर्ग में जेपीएस रुद्रपुर और बालिका वर्ग में बिड़ला हल्द्वानी की टीम ने बाजी मारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राघव शतरंज अकादमी द्वारा आयोजित चतुर्थ रुद्र अंतर विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में स्कूल टीम बालक वर्ग में जेपीएस रुद्रपुर ने प्रथम स्थान, डीपीएस रुद्रपुर ने दुसरा स्थान और स्टोन रिज रुद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल टीम बालिका वर्ग में आर्यमन बिड़ला हल्द्वानी ने बाजी मारी, भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल लालपुर ने दुसरा और स्टोन रिज रुद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग का खिताब ध्रुवांश भट्ट (क्वींस स्कूल हल्द्वानी), सीनियर बालिका वर्ग का खिताब इशिका बंगा (आरएएन बिलासपुर), जूनियर बालक वर्ग का खिताब सक्षम दर्शन (दीक्षांत हल्द्वानी), जूनियर बालिका वर्ग का खिताब अद्विका साहू (विजन वेली काशीपुर), सब जूनियर बालक वर्ग का खिताब धैर्य बोरा (डीएवी हल्द्वानी), सब जूनियर बालिका वर्ग का खिताब श्रीजा सिंह (स्टोन रिज रुद्रपुर) ने जीता। टूर्नामेंट का उद्घाटन कोलंबस पब्लिक स्कूल के एमडी श्री मनोज खेड़ा और प्राचार्य श्री मनोज कुमार ने किया और समापन कोलंबस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्री केशर दास खेड़ा के किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में चीफ आर्बिटर अवि सिंह (नेशनल आर्बिटर) और राघव शतरंज अकादमी से दिलीप साहू, सुमित बांगा, डॉ. प्रमेश अरोड़ा, स्वाति बांगा, नीलम साहू, ईशा अरोड़ा मौजूद रहे।

# हल्द्वानी के सागर चंद दून में हुए सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी के सागर चंद को देहरादून में नव विहान ट्रस्ट, सामाजिक सांस्कृतिक संगठन तथा मिशन न्यू इंडिया के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर चाणक्य सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व शिक्षक दिवस पर यह कार्यक्रम किया जाता है। हल्द्वानी के सागर चंद को



राष्ट्रीय क्रीड़ा कला एवं संस्कृति मंच उत्तराखंड प्रदेश के कुमाऊ प्रांत का प्रांत अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्हें प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संगठन दिलीप कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्योग एवं व्यापार मंच डा उमेश पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक मंच अनिरुद्ध मिश्रा, राष्ट्रीय महिला शाखा अध्यक्ष डा ज्योति श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल एव कला संस्कृति मंच निर्मल वैद व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया व नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रमुख संगठन महामंत्री दिलीप सिंह ने सागरचंद को प्रांतीय अध्यक्ष बनाये जाने पर श्रेष्ठ नेतृत्व का आभार प्रगट करते हुए कहा कि श्री सागर सिर्फ कुमायूँ क्षेत्र मे ही नही बल्कि पूरे उत्तराखंड मे कला और संस्कृति के क्षेत्र मे एक नव क्राँति पैदा कर देश और विश्व को उत्कृष्ट कलाकारों से परिचित कराते हुए प्रदेश के कलाकारों का सम्मान बढ़ाएंगे।

# 10 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगा किसान मेला

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में 10 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों हेतु विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी। गांधी पार्क में लगाये जाने वाले इस चार-दिवसीय मेले में चारों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। निदेषक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 10-11 अक्टूबर 2025 को फल-फूल, शाक-भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 11 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह् 2:00 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला पर संकर बछियों की नीलामी एवं मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता 3:00 बजे आयोजित की जायेंगी तथा 10 से 12 अक्टूबर 2025 को कृषक वैज्ञानिक संवाद/कृषक गोष्ठी 3:00 बजे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम 7 से 8:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। 12 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10बजे से पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 13 अक्टूबर 2025 को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गांधी हाल में अपराह्न 3:00 बजे से आयोजन किया जायेगा, जिसमें मेले में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों एवं मेले में लगे स्टालों को अपने प्रदर्शन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। डा. क्वात्रा ने बताया कि किसान मेले में 65 वर्ष से ज्यादा आयु के वृद्ध तथा 10 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका व ऐसे व्यक्ति जिसे कोई अन्य बीमारी हो, सावधानीपूर्वक प्रतिभाग करें। कृपया अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर मेले से लाभ उठायें। तथा किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग प्रदान करें।

# बाबा बर्फानी विशाल जागरण का चुघ ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बाबा अमरनाथ सेवा मंडल रमपुरा के द्वारा रम्पुरा में सोनिया होटल के पास दुर्गा माता मन्दिर में बाबा बर्फानी विशाल जागरण का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य भजनों की धारा में मौजूद श्रद्धालुओं को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया । कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झाकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जागरण के उपरांत मौजूद श्रद्धालुओं ने समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री मंडल द्वारा किया गया यह आयोजन सराहनीय है, जो लोगों को भक्ति से जोड़ने और आध्यात्मिक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि साथ विशाल बर्फ का शिवलिंग स्थापित किया। जिसमें लगभग 40 बर्फ की सिल्लियों का उपयोग किया गया और यह शिवलिंग लगभग 20 फीट ऊंचा बनाया गया। जिसकी अलौकिकता और भव्यता



अतिथि के रूप में पहुँचे आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक व काशीपुर जिला प्रभारी भारत भूषण चुघ ने पूजा अर्चना कर दरबार मे मत्था टेका व नगर की खुशहाली की प्रार्थना की, उसके उपरान्त जागरण में भजन गायकों ने अमृतमयी प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर आयोजकों द्वारा श्री चुघ को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा की भक्ति हमें मानवता, सेवा और त्याग का संदेश देती है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूती मिलती है, और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने में ऐसे संकीर्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजक मंडल के 40 युवाओं ने कड़ी मेहनत और मशक्कत के देखते ही बनती थी।इस दौरान दानपुर के ग्राम प्रधान मनदीप वर्मा,सतीश कोली, रोहित, राजेश,अजय, बंटी, दर्शन कोली, नंद गोपाल कोली, अर्जुन पासवान, अशोक वाल्मीकि,अरुण, सचिन, सुनील, ओम प्रकाश, नरेश, प्रीतम, पवन आदि मौजूद थे

